भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 2849

उत्तर देने की तारीख-07/08/2023

**आकांक्षी जिलों में नए मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना**

**†2849.प्रो. अच्युतानंद सामंतः**
**श्री कृपानाथ मल्लाहः**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य सरकारें आकांक्षी जिलों में नए मॉडल डिग्री कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव कर सकती हैं अथवा करने के लिए पात्र हैं जिन्हें आर. यू.एस.ए. 2.0 के न्यू मॉडल डिग्री कॉलेज संघटक के अंतर्गत वित्तपोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो आकांक्षी जिलों और उसी जिले के अन्य ब्लॉकों में, जहां कोई कॉलेज नहीं है, एक अतिरिक्त मॉडल डिग्री कॉलेज स्थापित करने के लिए क्या प्रस्ताव और मानदंड निर्धारित किए गए है और इन कॉलेजों के लिए अनुमानित धनराशि और लक्ष्य क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देशभर के जिलों की पहचान कर ली है और यदि हां, तो असम में पहचान किए गए जिलों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) विभिन्न राज्यों विशेषकर ओडिशा में अब तक स्थापित किए गए ऐसे कॉलेजों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार एनएएसी ग्रेड और विश्वविद्यालय (एमईआरयू) संघटक को कम करने पर पुनर्विचार कर रही है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

**(क) से (च):** सरकार ने रूसा के अगले चरण में 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधान मंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-यूएसएचए) योजना के रूप में मंजूरी दे दी है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कम जीईआर, जेंडर समानता, आकांक्षी जिलों आदि जैसे कुछ संकेतकों के आधार पर अपने फोकस जिलों की पहचान करने की छूट दी गई है। योजना के

दिशानिर्देशों के अनुसार, नए मॉडल डिग्री कॉलेजों और बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) सहित सभी घटकों के तहत प्रस्तुत प्रस्तावों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए विभिन्न मानदंड शामिल किए गए हैं। शॉर्ट-लिस्टिंग मानदंड और फंडिंग विवरण सहित योजना के विस्तृत दिशानिर्देश https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/pm-usa_guidelines.pdf पर उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) योजना के पहले और दूसरे चरण के अंतर्गत ओडिशा के 14 जिलों नामतः बलांगीर, ढेंकनाल, गजपति, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, देबगढ़, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नयागढ़, नुआपाड़ा, रायगढ़, सोनापुर और बौध सहित 130 जिलों में मॉडल डिग्री कॉलेजों के लिए सहायता अनुमोदित की गई थी।

*****